# गोगावीर की जय | By Prakash Chauhan

जाहरवीर की जय जयकार करता है सारा संसार
जिसने दर्शन किया है उसका भाग्य जागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है

है बड़ा प्यारा लाल बाछल मैया का
नाम जपता है जग भक्तों के सहैया का
पाया उसने जो गोगा जी से जो भी माँगा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है

मेडी धाम जाता जो भी खाली नहीं आता है
जाहरवीर सबकी बिगड़ी बनाता है
बाँधा गोगाजी से हमने भक्ति का धागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है

गोरखनाथ जी का प्यारा दुलारा है
जिसका कोई न उसका गोगा ही सहारा है
निर्मल गोगा की दीवानी दु:ख दूर भागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है
महिमा ऐसी हुई मन में ही धाम लागा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a5%80%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%9c%e0%a4%af-by-prakash-chauhan/